# भाजपा विश्व का श्रेष्ठ राजनीतिक दल: धामी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने प्रदेश मुख्यालय में पार्टी का झण्डारोहण किया। इस अवसर पर पार्टी मुख्यालय में विशेष आयोजन हुआ।
पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी 6 अप्रैल को स्थापना दिवस मना रही है। इसी कड़ी में भाजपा ने प्रदेशभर में धूमधाम से पार्टी के स्थापना दिवस को मनाया। भाजपा प्रदेश मुख्यालय देहरादून में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गुरुवार को हुए इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य अतिथि रूप में विशेष रूप से उपस्थित थे जबकि अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट एवं महामंत्री संगठन कार्यक्रम में आयोजन समिति की ओर से उपस्थित थे। इन सबने मिलकर मुख्यालय में पार्टी का झंडा



फहराया। कार्यक्रम में केंद्र और राज्य सरकार की ओर से किए गए विकास कार्यों पर चर्चा की गई।
साथ ही पार्टी मुख्यालय में वर्चुअल माध्यम से कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन को सुना।
इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी प्रदेशवासियों को पार्टी के स्थापना दिवस और हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पार्टी के सभी कार्यकताओं को नमन किया, जिसकी बदौलत आज भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने भी सभी प्रदेशवासियों को पार्टी के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा कि पार्टी आज बूथ स्तर तक स्थापना दिवस पर कार्यक्रम कर रही है। पार्टी का लक्ष्य है कि समाज के हर वर्ग को पार्टी से जोड़ा जाए इसको लेकर पार्टी कार्य कर रही है।
कृषि मंत्री गणेश जोशी ने इससे पूर्व पार्टी के 44वें स्थापना दिवस के अवसर पर नेशविला रोड स्थित अपने निजी आवास में पार्टी का झंडा फहराया। उन्होंने पार्टी के सभी कार्यकताओं को बधाई और शुभकामनाएं दी। मंत्री जोशी के साथ पार्टी के कई कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।
उन्होंने कहा आज विश्व में अगर सबसे बड़ी पार्टी है, तो वह केवल भारतीय जनता पार्टी है।
उन्होंने कार्यकताओं से अंत्योदय की प्रेरणा को आत्मसात कर समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं और पार्टी की विचारधारा को पहुंचाने के लिए प्रेरित किया।

# यातायात संकुलन को रोकने के लिए नियमों का पालन जरूरी: मुख्य सचिव

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्य सचिव ने कहा कि शहर के यातायात संकुलन को रोकने के लिए नियमों के पालन पर विशेष ध्यान केन्द्रित करने की आवश्यकता है। इसके लिए आमजन में जागरूकता लाने के लिए प्रचार-प्रसार के साथ ड्रोन कैमरों का अधिक से अधिक प्रयोग किया जाए।
सचिवालय में यातायात संकुलन को कम करने के लिए आज यूनिफाइड मेट्रोपोलिटन ट्रांसपोर्टेशन अथॉरिटी (यूएमटीए) की हुई बैठक में मुख्य सचिव डॉ. एस.एस.संधू ने यातायात संकुलन को कम करने के लिए आमजन का पब्लिक ट्रांसपोर्ट पर विश्वास जगाने के साथ ही यातायात नियमों का पालन कराने पर जोर दिया। पब्लिक ट्रांसपोर्ट की फ्रीक्वेंसी बढ़ाने के साथ ही नियमितता भी सुनिश्चित की जाए।
उन्होंने कहा कि एक समान योजना



कहीं भी कारगर साबित नहीं होगी। किसी भी योजना के लिए एरिया स्पेसिफिक प्लान तैयार किया जाए। अधिक से अधिक तकनीक का इस्तेमाल पर काम करना होगा। मुख्य सचिव ने आमजन यातायात के लिए शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि बच्चों को ऑनलाइन ड्राइविंग ट्रेनिंग के लिए मॉड्यूल तैयार किया जाए, जो ऑनलाइन उपलब्ध रहे। उन्होंने कहा कि लोगों के व्यवहार में सुधार लाने के लिए लघु फिल्मों के माध्यम से प्रचार-प्रसार के साथ ही आने वाली पीढ़ी को यातायात नियमों के विषय में अधिक से अधिक शिक्षित करने के लिए प्रयास करना होगा। मुख्य सचिव के पूर्व के आदेशों के क्रम में शहर के यातायात संकुलन कम करने की दिशा में लगातार अनुश्रवण प्रणाली की देखरेख के लिए यूनिफाइड मेट्रोपोलिटन ट्रांसपोर्टेशन अथॉरिटी पाक्षिक रूप से बैठक की जाएगी। इस मौके पर अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, सचिव अरविन्द सिंह ह्यांकी, प्रबन्ध निदेशक उत्तराखंड मेट्रो रेल कारपोरेशन जितेन्द्र त्यागी, निदेशक यातायात मुख्तार मोहसिन, जिलाधिकारी सोनिका, एसएसपी दिलीप सिंह कुंवर, मुख्य नगर अधिकारी मनुज गोयल, एसपी यातायात अक्षय प्रह्लाद कोण्डे सहित अन्य संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

# सुशील छाबड़ा बने लायंस क्लब के अध्यक्ष

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
लायंस क्लब ऋषिकेश रॉयल की कमान एक बार फिर सुशील छाबड़ा को सौंपी गई है। सुशील छाबड़ा जो पहले 2007 एवं 2012 में अध्यक्ष पद संभाल चुके हैं।
लायंस क्लब ऋषिकेश रॉयल की नई कार्यकारिणी के चुनाव 05 अप्रैल देहरादून रोड स्थित एक होटल में विधिवत रूप से हुए। इसमें नई टीम का गठन किया गया। इसमें पूर्ण बहुमत से सुशील छाबड़ा (अध्यक्ष), सुमित चोपड़ा (सचिव), अरविंद किंगर (कोषाध्यक्ष), सागर ग्रोवर (संयुक्त कोषाध्यक्ष) चुने गए। सभी सदस्य 1 जुलाई से अपना कार्यभार संभालेंगे।
चुनाव निष्पक्ष रूप से कराने में धीरज मखीजा एवं पंकज चंदानी ने विशेष भूमिका निभाई। दोनों ने संयुक्त रूप से बताया कि लायंस क्लब ऋषिकेश रॉयल हमेशा से निष्पक्ष रूप से चुनाव कराता आया है। जिसमें सभी सदस्यों द्वारा अपने मत का प्रयोग करके क्लब का नया अध्यक्ष एवं उसकी टीम को चुना जाता है।
चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात सुशील छाबड़ा ने सभी सदस्यों का अभिवादन किया और बताया कि उनका लक्ष्य संगठन को आगे बढ़ाने, समुदाय की मदद करने, सामाजिक सुधार को प्रोत्साहित करने और सदस्यों के विकास को बढ़ावा देने में है। वे संगठन के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा,
"मैं हमेशा संगठन की उच्च मान्यता और गरिमा को बढ़ाने के लिए प्रयास करूंगा और सदस्यों की भागीदारी को महत्वपूर्ण मानूंगा। हमारी टीम मिलकर समाज एवं संगठन की गति और प्रगति को बढ़ाएगी और हम समुदाय के लिए सक्रिय रूप से सेवा करेंगे"।
वर्तमान अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने भी नई टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा "यह गर्व की बात है कि हमारे संगठन का नया अध्यक्ष एक ऐसे व्यक्ति है जो आपूर्ति एवं विचारशीलता में समर्थ है"।

**8 पिछड़े वर्ग के लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए सभी प्रकार के योजनाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है**

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एकत्रीकरण नौ अप्रैल को

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एकत्रीकरण कार्यक्रम नौ अप्रैल को किया जाएगा। परेड ग्राउंड में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में सायंकाल छह बजे स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में उपस्थित रहेंगे।
इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता नये प्रांत प्रचारक डॉ. शैलेन्द्र होंगे। कार्यक्रम महानगर संचालक चंद्रगुप्त विक्रम और महानगर कार्यवाह अरुण शर्मा के देखरेख में किया गया है। भारतीय नवसंवत्सर विक्रम संवत 2080 के प्रारंभ होने के बाद यह स्वयंसेवकों का बड़ा कार्यक्रम है।

# हनुमान जी का नाम लेते ही संकट हो जाते हैं दूर: ब्रह्म स्वरूप ब्रह्मचारी

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
हनुमान जन्मोत्सव पर तीर्थ नगरी पवनपुत्र बजरंगबली की भक्ति के रंग में रंगी नजर आयी। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर हनुमान मंदिरों में सुबह से ही सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।
तीर्थ नगरी में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर जयराम आश्रम में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जहां अखंड रामायण पाठ, श्री सुंदरकांड पाठ के साथ रामायण पाठ की पूर्णाहुति की गई वहीं हनुमान जी की मूर्ति को सवामणी का भोग लगाया गया।
इस पावन अवसर पर आश्रम परिसर में आयोजित भजन कार्यक्रम में तीर्थ नगरी के



विख्यात भजन गायक विजेंद्र वर्मा ने अपने सुरमयी भजनों की गंगा बहाकर श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।
इससे पूर्व आश्रम के परम अध्यक्ष ब्रह्म स्वरूप ब्रह्मचारी महाराज ने बजरंगबली की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि हनुमानजी अपने भक्तों का हर संकट हर लेते हैं। हनुमान जी को चिरंजीवी माना जाता है अर्थात त्रेता युग से लेकर अभी तक हनुमान जी जीवित हैं। हनुमानजी का नाम लेते ही सारी पीड़ा और संकट दूर हो जाते हैं। बजरंगबली के नाम मात्र से आसुरी शक्तियां समाप्त हो जाती हैं।
इस दौरान पूर्व पालिकाध्यक्ष दीप शर्मा, प्रदीप शर्मा,मनमोहन सूदन,जयेंद्र रमोला,राहुल शर्मा, कर्मवीर शर्मा, अशोक कुमार अग्रवाल, डा. मनोज कांडपाल,सुदेश शर्मा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। उधर माया कुंड स्थित विख्यात प्राचीन हनुमान मंदिर में मंदिर के पीठाधीश्वर डॉ. रामेश्वर दास के निर्देशन में हनुमत जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

## न्यूज फ्लैश

### स्कोडा स्लाविया को क्रैश सेफ्टी में मिले 5 स्टार

**देहरादून।** सुरक्षा और टूट-फूट के मामले में स्कोडा ऑटो इंडिया के टिकाऊ होने का दर्जा लगातार बढ़ रहा है, क्योंकि स्लाविया सेडान को हाल ही में ग्लोबल न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम (ग्लोबल एनसीएपी) क्रैश टेस्ट्स में 5 में से पूरे 5-स्टार्स मिले हैं। स्लाविया इस प्रकार ग्लोबल एनसीएपी द्वारा परखी गई सबसे सुरक्षित कार भी बन गई है, भारत के लिये ज्यादा सुरक्षित कारों के मुद्दे को आगे बढ़ाती है और स्कोडा ऑटो इंडिया को भारत की एकमात्र निमार्ता बनाती है, जिसके पास क्रैश-टेस्टेड कारों से भरा बेड़ा है, जिन्हें वयस्को और बाल यात्रियों के लिये 5-स्टा?र्स मिले हैं। स्लाविया द्वारा स्थापित किये गये सुरक्षा मानकों पर अपनी बात रखते हुए, स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्राण्ड डायरेक्टर पेट्र सोल्क ने कहा कि स्कोडा में अपनी रणनीति के तहत हम अपने ग्राहकों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करते हैं। यह बताते हुए मैं खुश हूँ कि हमारी दूसरी इंडिया 2.0 कार स्लाविया को ग्लोबल एनसीएपी सुरक्षा परीक्षण में 5-स्टार रेटिंग मिली है। यह बात सुरक्षा, परिवार और मानवीय स्पर्श के हमारे ब्राण्ड के मूल्यों से पूरी तरह मेल खाती है। हम गंभीरता से अपने ग्राहकों की प्रशंसा करते हैं, जिन्होंने स्कोडा के उत्पाद खरीदने का फैसला लिया है और हम बहुत खुश हैं कि हम उनके लिये बाजार की सबसे सुरक्षित कारों की पेशकश कर सकते हैं।

### सोनी ने क्रिएटिव क्षमता को बढ़ाने वाले नए जेडवी-1एफ व्लॉग कैमरा के लॉन्च के साथ व्लॉगिंग लाइन-अप बढ़ाया

**देहरादून।** सोनी ने आज नए व्लॉग कैमरा जेडवी-1एफ की घोषणा की। रचनात्मक शक्ति, उपयोग में आसान व्लॉगिंग फंक्शंस, उन्नत कनेक्टिविटी और पर्यावरण के अनुकूल खूबियों से सुसज्जित, यह नया विश्वसनीय कैमरा उन व्लॉगर्स और क्रिएटर्स के लिए अत्यंत उपयुक्त है जो अद्भुत तस्वीरें और वीडियो कैप्चर करना चाहते हैं। इस पॉकेट-साइज कैमरा को सोनी की नवीनतम तकनीक के साथ व्लॉगिंग के लिए अनुकूलित किया गया है ताकि सामग्री को सबसे अलग बनाया जा सके। सोनी इंडिया के डिजिटल इमेजिंग बिजनेस के हेड, मुकेश श्रीवास्तव ने कहा कि जेडवी-1एफ ऐसा कॉम्पैक्ट कैमरा है जिसे अगली पीढ़ी के कंटेंट क्रिएटर्स के व्लॉगिंग अनुभव को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। उच्च-गुणवत्ता वाली सामग्री की लगातार बढ़ती मांग के साथ, क्रिएटर्स को एक ऑल-इन-वन कैमरा की आवश्यकता होती है।

# 'भाजपा बूथ स्तर तक सामाजिक न्याय व सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत योजनाओं को पहुंचाएगी'

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष देशराज कर्णवाल ने भारतीय जनता पार्टी के 44वें स्थापना दिवस के अवसर पर सामाजिक न्याय और सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत बूथ स्तर तक केंद्र व राज्य सरकार की जन उपयोगी योजनाओं को पहुंचाए जाने की बात कही है।
गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में मीडिया से बातचीत में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष देशराज क'वाल ने कहा कि भाजपा राजनीतिक दल ही नहीं बल्कि सामाजिक सरोकारों से जुड़ी पार्टी है। जो पंडित दीनदयाल उपाध्याय के दिए गए सामाजिक न्याय के संस्कारों को लेकर आगे

**8 पिछड़े वर्ग के लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए सभी प्रकार के योजनाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है**

बढ़ा रही है। उसी के अनुरूप देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तराखंड राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उसी कल्पना के अनुसार कि देश में कोई भी बच्चा भूखा नहीं सोएगा के मिशन को आगे बढ़ाते हुए 80 करोड़ लोगों को निशुल्क राशन उपलब्ध करवा कर लाभ पहुंचा रहे हैं।
सुकन्या योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नारे के तहत बेटियों के लिए कार्य कर रही है। प्रदेश के



मुख्यमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत पूरे राज्य में कार्य कर रहे हैं। पिछड़े वर्ग के लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए सभी प्रकार के योजनाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। पूरे प्रदेश में लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए कैंप लगाकर उनकी समस्याओं का समाधान भी किया जा रहा है। गरीबों को आवास सुविधा देने के लिए भी राहत के कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 1 साल नई मिसाल के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा के लिए महिला स्वयं सहायता समूह को 5 बार ब्याज मुक्त ऋण आशा एवं आंगनबाड़ी बहनों के लिए मानदेय में वृद्धि की गई है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बालिकाओं को 323 करोड़ की धनराशि आवंटित की गई है। प्रदेश की महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 30 फीसद आरक्षण दिया जा रहा है।
इतना ही नहीं बालिका के जन्म पर माता और नवजात शिशु को मुख्यमंत्री कीट उपलब्ध कराई जा रही है। इसी के साथ युवा एवं रोजगार को ध्यान में रखते हुए वर्तमान समय में 7000 पदों पर भर्ती प्रक्रिया को गतिमान किया गया है। संघ लोक सेवा आयोग एनडीए सीडीएस और उसके समकक्ष लिखित परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थी को साक्षात्कार की तैयारी के लिए 50000 रुपये की धनराशि सरकार की ओर से दी जा रही है।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एकत्रीकरण नौ अप्रैल को

**देहरादून**
राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एकत्रीकरण कार्यक्रम नौ अप्रैल को किया जाएगा। परेड ग्राउंड में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में सायंकाल छह बजे स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता नये प्रांत प्रचारक डॉ. शैलेन्द्र होंगे। कार्यक्रम महानगर संचालक चंद्रगुप्त विक्रम और महानगर कार्यवाह अरुण शर्मा के देखरेख में किया गया है। भारतीय नवसंवत्सर विक्रम संवत 2080 के प्रारंभ होने के बाद यह स्वयंसेवकों का बड़ा कार्यक्रम है।

# हिन्दी की पुस्तक में अम्मी-अब्बू पर अभिभावक ने की शिकायत

**देहरादून**
अब अम्मी-अब्बू पर शिकायतें होने लगी है। ऐसी ही एक शिकायत राजपुर रोड निवासी मनीष मित्तल ने जिलाधिकारी से की है। ओरियंट ब्लॉक स्वान हैदराबाद की प्रकाशित गुलमोहर-2 पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाने की मांग की है। उनके पुत्र देवांश मित्तल जिनकी आयु सात वर्ष दो माह है। वह कक्षा दो में पहुंचा है। वह उनके लिए पुस्तक लेने गए थे और पुस्तक पढ़ने के दौरान उनके पुत्र ने उन्हें अब्बू और पत्नी को अम्मी कहा, जो उनके लिए बहुत चौंकाने वाला



था। जब उन्होंने अपने पुत्र से पूछा तो उसने कहा कि उनकी पुस्तक में ऐसा लिखा है, जिसमें अम्मी का अर्थ मां और अब्बू का अर्थ पिता लिखा हुआ है।
उन्होंने कहा कि हिन्दी की पुस्तक में माता-पिता का उपयोग किया जाना चाहिए। अम्मी-अब्बू का प्रयोग शरारतपूर्ण और अनुचित लगता है। उन्होंने कहा कि गुलमोहर-दो देश भर के आईसीएससी के अंग्रेजी माध्यम के पाठ्यक्रम का भाग है। उन्होंने कहा कि यह मामला गंभीर है। उन्होंने पुस्तक की बाहरी छायाप्रति और मुखपृष्ठ संलग्न करते हुए जिलाधिकारी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# मानसखंड झांकी को कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने किया रवाना




**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गणतंत्र दिवस परेड 2023 में कर्तव्य पथ पर निकली देश की 27 झांकियों में से प्रथम स्थान हासिल करने वाली उत्तराखंड राज्य की झांकी मानसखंड को प्रदेश सरकार भ्रमण करवा रही है।
मानसखंड झांकी की यह यात्रा मुख्यमंत्री आवास से 5 अप्रैल को शुरू हुई। ये झांकी राजधानी के कई इलाकों का भ्रमण करने के बाद आज हरिद्वार पहुंची। यहां मानसखंड झांकी 6 से 8 अप्रैल तक हरिद्वार के अलग-अलग स्थानों पर भ्रमण करेगी। झांकी को आज प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज और डीएम विनय शंकर पाण्डेय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।झांकी मानसखंड को आज प्रेमनगर आश्रम से रवाना किया गया।
झांकी जनपद के हरिद्वार, लक्सर, खानपुर, नारसन, भगवानपुर, बहादराबाद व रुड़की में भ्रमण करेगी।
इस अवसर पर सतपाल महाराज ने कहा कि उत्तराखंड की मानसखंड झांकी ने देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उत्तराखंड और यहां के लोगों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि मानसखंड झांकी 6 से 8 अप्रैल तक हरिद्वार जिले के विभिन्न शहरों में आम लोगों के बीच पहुंचेगी। उन्होंने बताया की मानसखंड झांकी में समूचे उत्तराखंड की संस्कृति को दशार्या गया है। इस कारण से इस झांकी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर देश की राजधानी दिल्ली में हुई परेड में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है, जो हम सभी के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि मानसखंड झांकी के माध्यम से उत्तराखंड की संस्कृति को प्रदेश के दूसरे हिस्सों मं भी दिखाया जाएगा, जिससे सभी एक-दूसरे के बारे में जान सकें।
इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री और डीएम पांडेय के अलावा भाजयुमो जिलाध्यक्ष विक्रम भुल्लर आदि लोग मौजूद रहे।

# भाजपा पार्टी का 43वां स्थापना दिवस कार्यकर्ताओं ने बड़ी ही धूमधाम से मनाया

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
जिला भाजपा कार्यालय पर गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने पार्टी का 43वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया।
इस अवसर पर पार्टी के ध्वज को जिला कार्यालय पर फहराकर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल ने कार्यकताओं से कहा कि 1951 में जनसंघ के रूप में बीजरोपित पौधा 1980 से भारतीय जनता पार्टी के रूप में अपनी श्रेष्ठ यात्रा को शुरू कर आज विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में एक वटवृक्ष बन चुका है, जिसकी 18 करोड़ से ज्यादा लताएं देशभर को विकास की ओर ले जाने का काम कर रही हैं।
आज विश्व के सबसे बड़े राजनेता के रूप में भारतीय जनता पार्टी का एक



सामान्य सा कार्यकर्ता इस देश के प्रधानमंत्री के पद पर आसीन होकर भारत को विश्व गुरु बनाने व एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार कर रहा है।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप गोयल एवं निवर्तमान अध्यक्ष जयपाल सिंह चौहान ने पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों कृष्ण चंद शर्मा, राजकुमार चौहान, महेश चंद , राम कुमार पासी एवं केएन शर्मा को शॉल ओढ़ाकर व माल्यार्पण कर उपस्थित सभी कार्यकताओं की ओर से सम्मानित किया।
जिला अध्यक्ष संदीप गोयल ने सभी कार्यकताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के सर्वाधिक भूभाग पर सरकार बनाकर समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के लिए कार्य करने वाला दल है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता राजनीति करने के लिए नहीं अपितु समाज की सेवा का संकल्प लेकर राजनीतिक क्षेत्र में कार्य करते हैं।
आज सुदूर पूर्वोत्तर राज्यों से लेकर उग्रवाद से पीड़ित रहे कश्मीर तक भारतीय जनता पार्टी की बदौलत भारत का राष्ट्र ध्वज अपने गौरव को पुनः प्राप्त कर चुका है। अब वह दिन दूर नहीं जब अखंड भारत का सपना सच्चाई बनकर सामने आएगा। इस दिन को लाने के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय से लेकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेई, लालकृष्ण आडवाणी, डॉ मुरली मनोहर जोशी, कुशाभाऊ ठाकरे जैसे अनेकों महापुरुषों ने त्याग और बलिदान का उदाहरण प्रस्तुत किया।इसी अवसर पर आए हुए सभी कार्यकताओं ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन वर्चुअल माध्यम से सुना।
कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री आशुतोष शर्मा व आशु चौधरी ने किया।
इस अवसर पर विकास तिवारी, लव शर्मा, रश्मि चौहान, निर्मल सिंह, आभा शर्मा, रजनी वर्मा, नेत्रपाल चौहान, सचिन शर्मा, नकली राम सैनी, गौरव पुंडीर, सचिन निशित, मनोज शर्मा, मोर्चा जिला अध्यक्ष मनीष कुमार, विक्रम भुल्लर, एजाज हसन, डा. प्रदीप कुमार, संजय कुमार अमित चौहान, योगेश चौहान, महेंद्र धीमान ,ओमप्रकाश जमदग्नि, संजय सहगल, कमल प्रधान, विपिन काका आदि उपस्थित रहे।

